## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 18.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने जेईई–मेन 2026 के पहले सत्र की परीक्षा के लिए तारीखों की घोषणा की, वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं विद्यार्थी।
2. गिरिडीह जिले में दो अलग–अलग दुर्घटनाओं में चार लोगों की गई जान, गंभीर रूप से घायल सात लोगों को अस्पताल में कराया गया है भर्ती।
3. रांची के नीलांबर–पीतांबर पार्क में वन विभाग ने लगाई फूलों की प्रदर्शनी, लोगों को ऑर्गेनिक उत्पादों की भी दी जा रही है जानकारी।
4. मौनी अमावस्या पर आज साहिबगंज के गंगा घाटों पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़, प्रयागराज के संगम में भी सुबह से जुटे हैं श्रद्धालु, तीन करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का है अनुमान।
5. भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला का तीसरा और अंतिम निर्णायक मैच आज, अब तक एक–एक की बराबरी पर है मुकाबला।

**********************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल और असम से पांच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना कर रहे हैं। इनमें से पश्चिम बंगाल के हुगली से तीन रेलगाड़ियां, हावड़ा–आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस, सियालदह–बनारस एक्सप्रेस और संतरागाछी–तंबरम अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। सियालदह–बनारस एक्सप्रेस का झारखंड मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर भी ठहराव होगा। प्रधानमंत्री ने अब से थोड़ी देर पहले असम के नागांव जिले के कालियाबोर में भी दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

**********************************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने जेईई (मेन) 2026 के पहले सत्र की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं।

**********************************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पर रांची पुलिस की हालिया कार्रवाई को साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि मारपीट का आरोप लगाने वाले संतोष कुमार ने बिना समन ईडी कार्यालय पहुँचने की बात स्वीकार की है। श्री मरांडी ने कहा कि पहले कमीशन वसूली से जुड़े गंभीर आरोप लगाने वाले संतोष कुमार का अब अपने बयानों से पलटना और उसे पुलिस सुरक्षा दिया जाना पूरे मामले को संदिग्ध बनाता है। उन्होंने इस प्रकरण को भ्रष्टाचार जांच को प्रभावित करने का प्रयास बताते हुए रांची पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, तत्कालीन मंत्री और मुख्यमंत्री की भूमिका की सीबीआई जांच की मांग की है।

**********************************

राज्य के पूर्व वित्त मंत्री सह कांग्रेस नेता रामेश्वर उरांव ने दिवंगत सोमा मुंडा के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सोमा मुंडा की हत्या पर शोक व्यक्त किया।

**********************************

गिरिडीह जिले में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पहली घटना बेंगाबाद के झलकडीहा में घटी है। बैंगाबाद में टोटो और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई है और सात लोग घायल है। दूसरी दुर्घटना देवरी थाना क्षेत्र के चतरो – गावां मुख्य मार्ग पर हुई जिसमें ट्रक और कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई।

**********************************

राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित नीलांबर–पीतांबर पार्क में वन विभाग की ओर से फूलों और ऑर्गेनिक उत्पादों की प्रर्दशनी लगाई गई है। इसमें दो सौ से अधिक प्रजातियों के फूलों को दर्शाया जा रहा है। इसके अलावा ऑर्गेनिक उत्पादों हल्दी, टमाटर, नींबू और गुड़ के अलावा ड्राई फ्रूट्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। यहां आने वाले लोगों को इन उत्पादों के बारे में जानकारी दी जा रही है। आज प्रदर्शनी का अंतिम दिन है।

*********************************

मौनी अमावस्या के अवसर पर आज साहिबगंज जिले के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी है। स्थानीय मुक्तेश्वर घाट, ओझा टोली घाट, मदन मोहन मालवीय घाट पर लोगों की सुबह से भीड़ रही। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की।

उधर , उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित संगम में वार्षिक माघ मेले का आज तीसरा महत्वपूर्ण स्नान है।

*********************************

साहिबगंज में नमामि गंगे योजना को लेकर समीक्षा बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग और उप विकास आयुक्त सतीश चंद्र ने की। इसमें गंगा नदी के संरक्षण, संवर्द्धन और शहरी सौंदर्यीकरण पर चर्चा की गई।

*********************************

देश को 2029 तक नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की ओर से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। केंद्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर झारखंड के तीन जिलों को नारकोटिक्स के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील घोषित किया गया है, जिसमें चतरा जिला भी शामिल है। इसके अलावा राज्य के खूंटी और लातेहार जिले में पोस्ते की अवैध खेती और नशे का व्यापार चल रहा है, जिसे नष्ट करने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है।

*********************************

धनबाद जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर सर्किट हाउस में कांग्रेस के राजनीतिक मामलों के समिति की एक बैठक हुई, जिसमें धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई।

*********************************

देवघर समाहरणालय में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने शिक्षकों की प्रोन्नति, बर्खास्तगी, पदस्थापन और न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की।

*********************************

देवघर जिले के मधुपुर में धार्मिक स्थल निर्माण को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद मधुपुर थाना परिसर में देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक सौरभ के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अफवाहों से बचने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

*********************************

राजधानी रांची में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख बत्तीस हजार चार सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख बानवे हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************************

मेजबान भारत और न्यूजीलैंड के बीच श्रृंखला का तीसरा और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच अब से थोड़ी देर बाद शुरू होगा।

**********************************

रांची जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा झारखंड राज्य मास्टर्स टेबल टेनिस चौम्पियनशिप का आयोजन 31 जनवरी से एक फरवरी तक डोरंडा के जैप वन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल छह कैटेगरी में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

**********************************